हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 8 दिसंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में चर्चा की शुरुआत की। सदन को संबोधित करते हुए कहा श्री मोदी ने कहा -

****

संसद में राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा से पहले, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम को एकजु□ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राज्यसभा के बाहर संवाददाता से बातचीत में सांसद सुधा मूर्ति ने कहा कि वंदे मातरम देश के विभिन्न राज्यों को जोड़ने वाला गीत है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए वंदे मातरम के महत्व और इसकी भावना को समझना महत्वपूर्ण है। संसद के बाहर मी□िया से बातचीत में, श्री पासवान ने युवाओं से इस विशेष चर्चा को सुनने का आग्रह किया।

आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज संसद में वंदे मातरम पर चर्चा उन क्रांतिकारी क्षेत्रों और उन क्रांतिकारियों का स्मरण कराएगी, जिन्हें कांग्रेस की सरकार ने लगभग उपेक्षित

कर दिया था।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले "सुप्रभातम" कार्यक्रम की सराहना की। एक सोशल मी□या पोस□ में श्री मोदी ने कहा कि यह कार्यक्रम सुबह-सुबह एक ताज़गी का एहसास देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें योग से लेकर भारतीय जीवनशैली तक के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय परंपराओं और मूल्यों पर आधारित यह कार्यक्रम ज्ञान, प्रेरणा और सकारात्मकता का अद्भुत संगम है।

इसके अलावा श्री मोदी ने कार्यक्रम के विशेष खं□ "संस्कृत सुभाषित" का भी उल्लेख किया जो भारतीय संस्कृति और विरासत के बारे में एक नई चेतना का संचार करता है।

आधे घं□ का यह कार्यक्रम □ी□ी न्यूज़ पर सोमवार से शुक्रवार सुबह 7 बजे प्रसारित होता है और यह योग, संस्कृति, विरासत और एक स्वस्थ जीवनशैली पर केंद्रित है।

****

कैथल में कल भारतीय जनता पा□ी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल ब□ौली की अध्यक्षता में हुई संगठनात्मक बैठक में सरकार तथा संगठन से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई । इस बैठक में न केवल आगामी कार्यक्रमों को दिशा दी गई बल्कि 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' अभियान को नई गति देने की योजना बनाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को जन-आंदोलन का रूप देने पर भी मंथन हुआ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी □ा. सतीश पूनिया तथा संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पा□ी की मजबूती के लिए नुक्ते दिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी रथ को हरी झं□ी दिखाकर रवाना किया। यह रथ स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, स्थानीय कौशल को मजबूती प्रदान करने और देशी उद्योगों के संरक्षण का बड़ा संदेश लेकर लोगों के बीच पहुंचेगा।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा चुनाव आयोग द्वारा एस ए आर (स्पेशल समरी रिवीजन) का कार्य जारी है, जिसके लिए पा□ी कार्यकर्ताओं को भी सक्रिय रूप से योगदान करने को कहा गया है।

****

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्□ाचार निरोधक ब्यूरो वस्तु एंव सेवा कर विभाग के एक अधीक्षक को अढ़ाई लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ने के बाद, इसी प्रकरण में केंद्रीय GST कार्यालय बहादुरगढ़ में तैनात इंस्पेक्□र नरेश कुमार को भी कल गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान नरेश कुमार का नाम न केवल FIR में पाया गया, बल्कि शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराई गई आवाज रिकॉ□िंग में भी उसकी स्पष्□ पहचान हुई, और सह-आरोपी भारत मीणा के बयान में भी यह सामने आया कि दोनों मिलकर शिकायतकर्ता से रिश्वत मांग रहे थे।

****